# पटवारियों की हड़ताल से तहसीलों में कामकाज बाधित

- पटवारी ग्रेड पे 3600 करने, गिरदावरी एप में संशोधन व पदोन्नति की मांग

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान में पटवारियों का आंदोलन लगातार बढ़ रहा है। अब सभी जिलों के पटवारी प्रदर्शन पर उतर रहे हैं। बीकानेर में भी पटवारियों ने सोमवार को प्रदर्शन किया। इसमें 10 सूत्री मांग पटवारियों ने रखी। पटवारियों ने सरकार और सिस्टम के खिलाफ हुंकार रैली निकाली। गांधी पार्क से जिला कलेक्ट्रेट से चक पैदल मार्च कर जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया।

विरोध प्रदर्शन दस सूत्री मांगों को लेकर किया गया। इसमें ग्रेड-पे 3600 करने, पदोन्नति की मांग भी शामिल थी। सर्किट हाउस के सामने स्थित गांधी पार्क में सभी पटवारी पर एकत्रित हुए जहां से नारेबाजी करते हुए जिला कलेक्ट्रेट तक पहुंचे। राजस्थान पटवार संघ के बैनर तले रैली निकाली गई। रैली में शामिल पटवारी नारेबाजी करते हुए जिला कलेक्ट्रेट तक पहुंचे और प्रमुख शासन सचिव राजस्व विभाग के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया।

पटवार संघ के जिलाध्यक्ष पर्वत सिंह ने बताया कि विगत वर्षों में राजस्थान सरकार द्वारा राजस्थान पटवार संघ के साथ समझौता किया गया था। उसके अनुसार सरकार ने अपना वादा पूरा नहीं किया है। संघ द्वारा विगत कई बार ज्ञापन के माध्यम से सरकार को अवगत कराया गया है लेकिन सरकार ने मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया। इस वजह से पूरे जिले के पटवारी आक्रोश स्वरूप रैली निकाल रहे हैं। अगर इसके बाद भी सरकार द्वारा उनकी मांगों पर कोई सकारात्मक रूख नहीं अपनाया गया तो आने वाले समय में उग्र आंदोलन किया जायेगा। आपको बता दें कि पटवारियों की हड़ताल के चलते गांवो में किसान परेशान हो रहे हैं। उनके कई तरह के काम रूके हुए हैं। इनमें पटवारियों की जरूरत होती है। सबसे ज्यादा परेशान वे लोग हैं जो जमीन की खरीदी के बाद अपना नाम जमीन पर चढ़वाना चाहते हैं। जमीन पंजीकरण के काम भी प्रभावित हो रहा है। पटवारियों की हड़ताल के चलते सभी जिला पंचायतों पर किसान परेशान होते दिखाई दिए।

**श्रीगंगानगर।** विभिन्न मांगों के संबंध में सोमवार को राजस्थान पटवार संघ ने कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन किया। पटवारी विभिन्न मांगों पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। इस संबंध में जिला प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा गया। इससे पहले पटवार संघ के सदस्य रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे और विरोध जताया। इन लोगों का कहना था कि सरकार उनकी मांगों पर लम्बे समय से कार्रवाई नहीं कर रही है। ऐसे में विरोध प्रदर्शन के जरिए वे अपनी मांगों की तरफ ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं।

पटवारी ग्रेड पे 3600 करने, गिरदावरी एप में संशोधन करने सहित कई मांगें कर रहे हैं। उनका कहना था कि गिरदावरी ऐप में इस तरह के संशोधन किए जाने चाहिए जिससे कि पटवारी ही गिरदावरी कर सकें। उन्होंने गिरदावरी के लिए सर्वेयर नियुक्ति करने का विरोध किया। इन लोगों का कहना था कि पटवारी से सीनियर पटवारी सहित विभिन्न पदों पर पदोन्नति शीघ्र की जानी चाहिए।

## सुबह 10 बजे तक कोहरे असर

**बीकानेर,** (कासं)। यहां तापमान में कमी आई है लेकिन सर्दी के तेवर कम नहीं हुए। बीते 24 घंटे में बीकानेर में न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। मौसम विभाग ने बीकानेर संभाग के लिए यलो अलर्ट जारी करते हुए सावधानी बरतने की सलाह दी है।

मौसम विभाग के मुताबिक बीकानेर में अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस रहा जबकि न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस रहा। न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हो रही है लेकिन इसके बाद भी सर्दी कायम है। विभाग ने सोमवार को बीकानेर में शीतलहर नहीं बताई है लेकिन सुबह से ही शहर कोहरे में लिपटा हुआ है। संभाग के श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और चूरू के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। यहां शीतलहर और कोहरे की चेतावनी दी गई है। आम लोगों से सर्दी से बचने के लिए तमाम उपाय करने की सलाह दी गई है। मंगलवार को बीकानेर सहित पूरे राजस्थान में मौसम शुष्क रहेगा। वहीं बुधवार को फिर से चूरू और हनुमानगढ़ के लिए यलो अलर्ट है।

कलेक्टर ने स्कूलों का समय बदलकर दस बजे कर दिया है लेकिन हकीकत ये है कि इस समय भी स्कूल जाना मुश्किल हो रहा है। दस बजे स्कूल के लिए साढ़े आठ बजे से बसों का आना शुरू हो जाता है लेकिन तब तक कोहरा ही रहता है। घने कोहरे के बीच बसें नेशनल हाईवे पर रहती है। वहीं श्रीगंगानगर जिले में सर्दी के असर से सोमवार सुबह बाहरी इलाकों और खेतों में कोहरा छाया रहा। खेतों में काम करने वाले सर्दी से ठिठुरते नजर आए। इन लोगों ने खेतों के आसपास अलाव ताप कर सर्दी दूर भगाई।

## 6 घंटे बिजली गुल रही

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। पॉश कॉलोनी ऋद्धि-सिद्धि एनक्लेव फर्स्ट में इन दिनों बिजली का संकट बना हुआ है। दो दिन पहले शनिवार को भी यहां लगभग पूरी रात बिजली गुल रही थी। सोमवार को एक बार फिर बिजली संकट का असर नजर आया।

सुबह करीब 8 बजे शुरू हुआ अघोषित बिजली कट दोपहर करीब डेढ़ बजे बाद सही किया गया। इससे दैनिक कामकाज प्रभावित हुआ।

## सिंचाई पानी के लिए हनुमानगढ़ के किसानों का प्रदर्शन

**हनुमानगढ़,** (कासं)। संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले हजारों किसान ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथ जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां उन्होंने महापंचायत का आयोजन किया।

हनुमानगढ़ में सोमवार को भाखड़ा नहर के किसानों ने जल संकट के विरोध में प्रदर्शन किया। किसानों की मुख्य मांग है कि भाखड़ा नहर में पानी की मात्रा को मौजूदा 850 क्यूसेक से बढ़ाकर 1250 क्यूसेक किया जाए। किसान नेताओं का कहना है कि गेहूं और सरसों की फसल को बचाने के लिए 25 मार्च तक दो ग्रुप में पानी की आपूर्ति आवश्यक है, जो वर्तमान जलस्तर में संभव नहीं है। प्रदर्शन के दौरान कुछ किसानों ने आमरण अनशन भी शुरू कर दिया। किसान प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जायेगी, वे धरनास्थल से नहीं हटेंगे। महापंचायत में संगरिया विधायक अभिमन्यु पूनिया, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरेन्द्र दादरी, पूर्व विधायक राजेन्द्र सिंह भादू सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे। किसान नेताओं ने कहा कि अगर मांगें नहीं मानी गई तो आंदोलन और तेज होगा।

## संदिग्ध हालत में महिला की मौत

**हनुमानगढ़,** (कासं)। विवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। पीहर पक्ष ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए परेशान करने और उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है।

हनुमानगढ़ के टिब्बी थाना क्षेत्र के बशीर गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। पीहर पक्ष ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए परेशान करने और उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है। इस मामले में विवाहिता के पति, ससुर, सास और देवर के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

विवाहित पूजा के पिता विनोद मेघवाल ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी बेटी पूजा की शादी चार साल पहले रवि कुमार से हुई थी। शादी के बाद ससुराल पक्ष ने पूजा को दहेज को लेकर परेशान किया और मारपीट की। ससुराल वाले पूजा से बार-बार 21 हजार रूपए और बाइक की मांग करते थे। इस पर पूजा ने अपने पिता से मदद की अपील की थी। आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए विनोद ने ससुराल पक्ष को समझाने की कोशिश की लेकिन कोई असर नहीं हुआ। बाद में एक पंचायत बुलाकर मामले को सुलझाया गया, जिसमें रवि और उसके परिवार ने पूजा को अपने घर वापस बुलाया और आश्वासन दिया कि अब वह उसे परेशान नहीं करेंगे।

कुछ समय बाद ससुराल वालों ने पूजा के साथ फिर से मारपीट शुरू कर दी। उसे घर से बाहर निकाल दिया। शनिवार रात को रवि के पिता राजेन्द्र का फोन आया कि पूजा को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, लेकिन जब विनोद अस्पताल पहुंचा तो उसे बताया गया कि पूजा की संदिग्ध हालत में मौत हो गई है।


**INSTITUTE OF AGRI BUSINESS MANAGEMENT**
**Swami Keshwanand Rajasthan Agricultural University, Bikaner**

**WALK -IN-INTERVIEW**
**(27 January, 2025)**

With reference to letter No.F.210/SKRAU/Estt/Gr.I/2025/581 Dated:16.01.2025 released by Registrar, SKRAU, Bikaner Walk in Interview will be conducted for the appointment of guest faculties on contractual basis under "Vidya Sambal Scheme" for the second semester of the academic session 2024-25 in the subjects for MBA (ABM); Production and Operations Management and Agribusiness Environment & Policy, and for PhD (ABM); Value Chain Management in Agribusiness and International Food and Agri Business. Interested candidates are requested to attend the interview in the office of the undersigned on 27 January, 2025 at 11 AM. They are required to bring one set of the testimonials with original certificate of verification. No TA/DA will be paid. The undersigned reserves the right to reject or accept any or all applications of the candidates without assigning any reason thereof.

The qualification of Teachers should be as per UGC norms in the relevant subject. The superannuated teachers may also be considered for engagement as guest faculty subject to a maximum age limit of 70 years. The honorarium will be paid on per lecture basis as per "Vidya Sambal Scheme".

For more detail, refer **raubikaner.org / iabmbikaner.org** website.

Raj.Samwad/C/24/10533 DIRECTOR


**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN
Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2024/3312 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 16.1.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती हरविन्द्र कौर पत्नी श्री जसपाल सिंह निवासी 31 पी ब्लॉक, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूखण्ड का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 2 एमएल मुरब्बा नं. 54 किला नं. 25 में माप 30 इंटू 50 फीट भू.सं. एसएम-14 रिद्धि-सिद्धि एन्कलेव, श्रीगंगानगर | उक्त भूखंड का नियमन पट्टा सं. 5707 दिनांक 30.4.2008 को श्री धर्मपाल सिंह पायल पुत्र श्री बीरबल राम के नाम से जारी किया हुआ है। | श्रीमती हरविन्द्र कौर द्वारा उक्त भूखंड को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 23.1.2012 के द्वारा क्रय कर उक्त भूखंड के नामान्तरण बाबत न्यास में ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्रीमती हरविन्द्र कौर पत्नी श्री जसपाल सिंह निवासी 31 पी ब्लॉक, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।

आवेदन सं. :- SGNR/FY24-25/MUT/1246 सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियोजन/2025/43 **विज्ञप्ति** दिनांक : 17.1.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि चक 2 एमएल मुरब्बा नं. 33 के किला नं. 08 का भूखण्ड संख्या टी-04(ए) भूखण्ड क्षेत्रफल 40'-0'' गुणा 60'-0'' फीट का आवासीय पट्टा संख्या 4604 दिनांक 30.06.2007 द्वारा श्री मुकेश शाह पुत्र श्री शिव प्रसाद शाह निवासी श्रीगंगानगर के नाम से जारी है। आवेदक/पट्टाधारक श्री मुकेश शाह पुत्र श्री शिव प्रसाद शाह द्वारा भूखण्ड माप 40'-0'' गुणा 60'-0'' फीट आवासीय रूपान्तरित भूखण्ड का आवासीय से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन किया है। आवासीय भूखण्ड को पश्चिम दिशा से मास्टर प्लान की 60 फीट चौड़ी सड़क से पहुँच मार्ग प्राप्त है। श्रीगंगानगर मास्टर प्लान वर्ष 2017-2035 एवं जोनल प्लान में प्रश्नगत भूखण्ड का प्रस्तावित भू-उपयोग आवासीय हेतु आरक्षित है। नगरीय विकास आवासन एवं स्वायत शासन विभाग, राजस्थान जयपुर के अधिसूचना क्रमांक प.11 (8) नविवि/2020 जयपुर दिनांक 24.02.2021 राजस्थान नगरीय क्षेत्र भू-उपयोग परिवर्तन (संशोधन) नियम 2021, अधिसूचना क्रमांक प.11(8) नविवि/2020 ऑनलाईन राजकाज रैफ 11611406 जयपुर दिनांक 06.11.2024 एवं अधिसूचना क्रमांक प.11 (8) नविवि/2020 जयपुर दिनांक 14.10.2024 द्वारा जारी विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधियां Development Promotion & Control Regulations (DPCR) के अन्तर्गत भू-उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही न्यास कार्यालय में विचाराधीन है। उपरोक्त वर्णित भूमि का आवासीय रूपान्तरित भूमि से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन बावत किसी को कोई आपत्ति हो तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर को कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते है। 15 दिवस के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा। - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियोजन/2025/41 **विज्ञप्ति** दिनांक : 17.1.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि चक 2 एमएल मुरब्बा नं. 33 के किला नं. 08 का भूखण्ड संख्या टी-04 भूखण्ड क्षेत्रफल 40'-0'' गुणा 60'-0'' फीट का आवासीय पट्टा संख्या 4619 दिनांक 30.06.2007 द्वारा श्रीमती बिमला शाह पत्नी श्री शिव प्रसाद शाह निवासी श्रीगंगानगर के नाम से जारी है। आवेदक/पट्टाधारक श्रीमती बिमला शाह पत्नी श्री शिव प्रसाद शाह द्वारा भूखण्ड माप 40'-0'' गुणा 60'-0'' फीट आवासीय रूपान्तरित भूखण्ड का आवासीय से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन किया है। आवासीय भूखण्ड को पश्चिम दिशा से मास्टर प्लान की 60 फीट चौड़ी सड़क से पहुँच मार्ग प्राप्त है। श्रीगंगानगर मास्टर प्लान वर्ष 2017-2035 एवं जोनल प्लान में प्रश्नगत भूखण्ड का प्रस्तावित भू-उपयोग आवासीय हेतु आरक्षित है। नगरीय विकास आवासन एवं स्वायत शासन विभाग, राजस्थान जयपुर के अधिसूचना क्रमांक प.11 (8) नविवि/2020 जयपुर दिनांक 24.02.2021 राजस्थान नगरीय क्षेत्र भू-उपयोग परिवर्तन (संशोधन) नियम 2021, अधिसूचना क्रमांक प.11(8) नविवि/2020 ऑनलाईन राजकाज रैफ 11611406 जयपुर दिनांक 06.11.2024 एवं अधिसूचना क्रमांक प.11 (8) नविवि/2020 जयपुर दिनांक 14.10.2024 द्वारा जारी विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधियां Development Promotion & Control Regulations (DPCR) के अन्तर्गत भू-उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही न्यास कार्यालय में विचाराधीन है। उपरोक्त वर्णित भूमि का आवासीय रूपान्तरित भूमि से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन बावत किसी को कोई आपत्ति हो तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर को कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते है। 15 दिवस के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा। - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

# हथकरघा उद्योग से 10 हजार परिवारों को मिल रहा रोजगार

- हर महीने 2 लाख किलो ऊनी धागे का प्रोडक्शन हो रहा है
- इस धागे से बने कारपेट दुनियां भर में बिक रहे हैं

**बीकानेर,** (कासं)। कोरोना के बाद हथकरघा उद्योग ने करीब 25 प्रतिशत ग्रोथ की है। जिले में 30 से अधिक गांवों में 10 हजार परिवार इससे सीधे जुड़े हुए हैं। इनमें 40 हजार महिलाएं पूरी तरह सक्रिय हैं और घर बैठे रोजगार कर रही है। हर महीने 2 लाख किलो ऊनी धागे का प्रोडक्शन हो रहा है। इस धागे से बने कारपेट दुनियां भर में बिक रहे हैं।

राजस्थान राइजिंग ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में पहल करके उद्यमियों ने हैण्डलूम सेक्टर में पहली बार 20 करोड़ से अधिक के एमओयू किए हैं। प्रदेश में बीकानेर ही एक मात्र ऐसा जिला हैं, जहां यह उद्योग सबसे ज्यादा फलफूल रहा है। जयपुर में कूकस और ब्यावर में भी काम होता है, लेकिन सीमित स्तर पर है। इस उद्योग से जुड़े युवा उद्यमी रोहित अग्रवाल और ऋषभ बोथरा से बात की तो पता चला कि जिले में 30 से अधिक गांव और ढाणियों में महिलाएं चरखा कात कर ऊनी धागा बना रही हैं। करीब दस हजार परिवार के एक लाख लोग इससे जुड़े हुए हैं, जिनमें 40 हजार एक्टिव महिलाएं शामिल हैं।

नोखा के पास भादला गांव में 80 प्रतिशत महिलाएं गांधी चरखे पर ऊनी धागा बुनने के उद्योग से जुड़ी हुई हैं। इसी प्रकार कक्कू, कुंभासर, जोधपुर के रिडमलसर में भी महिलाएं इसी व्यवसाय में जुट गई हैं। महिलाओं को एक किलो धागे के औसत 65 रूपए मिलते हैं। एक दिन में वे दो से तीन किलो तक धागा बना लेती हैं। एक परिवार की सभी महिलाएं इस काम में जुटी रहती हैं। यह व्यवसाय उनके लिए घर बैठे आमदनी का अच्छा जरिया बन गया है। अग्रवाल ने बताया कि कोरोना के बाद चायना और बांग्लादेश का बाजार भी भारत में शिफ्ट होने से इस उद्योग में ग्रोथ बढ़ गई है। अग्रवाल के अनुसार केवल हाथकरघा उद्योग से ही 16.25 करोड़ की लागत से 25 लाख किलो ऊनी धागे का प्रोडक्शन हर साल होता है।

बीकानेर में हर साल एक हजार करोड़ के ऊनी धागे का निर्माण हो रहा है। इसके लिए ऊन इंडोनेशिया और न्यूजीलैंड सहित अन्य देशों से भी आ रही है। हर रोज दो लाख किलो ऊनी धागे का निर्माण मशीनों से होता है।

## कोहरा व कड़ाके की सर्दी

**नोखा,** (कासं)। सोमवार सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिससे विजिबिलिटी मात्र 20 मीटर तक सीमित रही। रविवार देर रात से शुरू हुई धुंध सुबह साढ़े 9 बजे तक बनी रही। धूप न निकलने और तेज हवा के कारण लोगों को भारी सर्दी का सामना करना पड़ा।

सर्दी की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने पहले ही बीकानेर में 11 जनवरी तक स्कूलों की छुट्टी घोषित की थी। इसके बाद स्कूलों का समय बदलकर सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक कर दिया गया। हालांकि स्कूलों के फिर से शुरू होने के साथ ही सर्दी का प्रकोप बढ़ गया है। सबसे ज्यादा परेशानी छोटे बच्चों को हो रही है, जिन्हें सुबह जल्दी स्कूल जाना पड़ता है। घने कोहरे और कड़ाके की सर्दी में स्कूल तक का सफर उनके लिए चुनौतीपूर्ण बन गया है। स्कूल प्रशासन ने अपनी सुविधानुसार समय में बदलाव किया है, लेकिन मौसम के कारण बच्चों को अभी भी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है।

# कोहरा में ऊंटगाड़ा नहीं दिखा, हादसा टला

**बीकानेर,** (कासं)। जिले के लूणकरनसर में सोमवार सुबह एक बड़ा हादसा टल गया, जब बस सड़क से हटकर कच्चे में उतर गई। कोहरे के कारण बस चालक को ऊंट गाड़ा बिल्कुल नजदीक आने पर दिखाई दिया। ऐसे में उसने बस को सड़क से नीचे उतार दिया। बस चालक की सूझबूझ से ऊंटगाड़े पर सवार लोगों की जान बच गई।

सोमवार को बीकानेर में घना कोहरा रहा। लूणकरनसर में बीकानेर से ज्यादा कोहरा था, ऐसे में विजिबिलिटी काफी कम हो गई। मलसीसर सरदारशहर से लूणकरनसर आ रही बस का एक्सीडेंट होने से बच गया। बस पलटते-पलटते बच गई, जिससे इसमें सवार सभी पंद्रह यात्री सुरक्षित रहे। दरअसल करणीसर गांव से ये प्राइवेट बस गुजर रही थी। घना कोहरा होने के कारण बस चालक को ऊंटगाड़ा अचानक दिखाई दिया। उसने ऊंटगाड़े को बचाते हुए बस सड़क से नीचे उतार दी।

# मृतकों को देख घबराई महिला ने दम तोड़ा

- सड़क हादसे में मृतकों व घायलों को देखकर महिला की तबीयत बिगड़ गई थी

**बीकानेर,** (कासं)। मृत और घायलों को देख घबराई महिला की तबीयत बिगड़ने पर उसे पीबीएम में भर्ती कराया था जहां इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

हंसेरा ग्राम में राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार रात्रि हुए हादसे में एक तरफ गाड़ी में सवार चार लोगों की जान चली गई। वहीं पास के घर में रहने वाले एक परिवार पर भी दुख का पहाड़ टूट पड़ा। हादसे के शोर और हाहाकार को सुनकर हंसेरा गांव की एक महिला सुमन अपने घर से दौड़कर बाहर आई और सड़क पर हताहत शव और घायलों को देखकर बुरी तरह घबरा गई। वह घटना स्थल पर आ गई थी, जहां से परिजन उसे घर लेकर गए और उसकी तबीयत खराब होने लगी। तब बीकानेर पीबीएम ले गए। देर रात वहां उसने दम तोड़ दिया। महिला का गांव में गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। मृतक सुमन पत्नी श्यामलाल शर्मा निवासी हंसेरा है जिसकी उम्र महज 35 वर्ष की थी। उसकी दो पुत्री और एक पुत्र कुल तीन संतान हैं। पति मजदूरी करते हैं। पुत्र सूर्यप्रकाश उम्र 12वीं शास्त्री शिक्षा विद्यार्थी है और अभी कुम्भ मेले में गया हुआ है। ग्रामीण बताते हैं कि शाम के समय घर के सदस्य गांव से घर में आते हैं। उसी समय ये हादसा हुआ था। ऐसे में उसे अंदेशा था कि कहीं उसी के परिजन तो इस हादसे के शिकार नहीं हो गए। वो दौड़कर घटना स्थल पर पहुंच गई थी। उसने वहां युवकों को मृत व घायल अवस्था में देखा तो उसे भारी घबराहट हो गई थी।

# स्टॉफ ने बच्चों को स्वेटर-जर्सी बांटे

**बीकानेर,** (कासं)। कर्तव्य पथ पर रहते हुए अनुशासन को सर्वोपरि मानते हुए छात्रों को शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए ताकि समाज व राष्ट्र के प्रति उनकी सोच का उपयोग हो सके। लगातार और व्यापक रूप से होने वाले शिक्षा के साथ साथ भौतिक संसाधनों के प्रयोग से सार्थक वातावरण बनेगा और बच्चों मे नियमितता बढेगी। यह बात समाजसेवी शंकर लाल मोदी ने सोमवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, पवनपुरी दक्षिण विस्तार बीकानेर में विद्यालय स्टॉफ के सहयोग से आयोजित स्वेटर वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे सम्बोधित करते हुए कही।

शिक्षक और विद्यार्थी के आपसी स्नेह को परिलक्षित करते हुए राउमावि दक्षिण विस्तार पवनपुरी विद्यालय के स्टॉफ रचना गुप्ता उपप्राचार्य, कार्यक्रम संयोजक रवि आचार्य, शिक्षक मोहम्मद रमजान, सविता राव, संतोष पूनिया, किरण कंवर के सहयोग से विद्यालय के 92 विद्यार्थियों को स्वेटर जर्सी तथा भामाशाह रामा मोदी ने उच्च माध्यमिक की 14 छात्राओं को गर्म शॉल का वितरण कर बच्चों की तात्कालिक आवश्यकताओं को पूर्ण किया गया। भामाशाह रामा मोदी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों को एक समान भाव से विद्यालय आने व रहने की प्रेरणा देता है। एक समान स्वेटर वितरण से विद्यार्थियों के साथ विद्यालय की भी पहचान बनती है।

उन्होंने शिक्षकों से ऐसी भूमिका का निर्वहन करने का आव्हान किया। अध्यक्षता करते हुए नरसिंह सेवग ने कहा विद्यालय स्टॉफ के स्वयं भामाशाह बनकर स्वेटर जर्सी वितरण की अनुकरणीय पहल से निश्चित ही शिक्षक एवं विद्यार्थियों का संबंध प्रगाढ होंगे। उन्होंने आव्हान किया कि शिक्षक अपनीक्षमताओं का उपयोग कर बालकों को आगे बढाने का कार्य करें।






# नोशनल एसीपी को लेकर शिक्षा अधिकारियों का किया घेराव

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय से जुड़े शिक्षकों ने गुरूवार को नोशनल एसीपी प्रकरण में एसीपी का लाभ नोशनल तिथि से बीकानेर मंडल में नहीं देने के विरोध में तथा शिक्षकों के सभी संवर्गों के स्थानांतरण में छूट देने के लिए मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन शिक्षा निदेशालय बीकानेर में अतिरिक्त निदेशक माध्यमिक को ज्ञापन देकर वार्ता की।

वहीं न्यायालय निर्णय की पालना में शिक्षा विभाग में एसीपी का लाभ नोशनल तिथि से देने में अपनाए जा रहे दोहरे मापदंडों के स्थान पर एकरूपता रखने की मांग को लेकर शिक्षा निदेशालय बीकानेर में सहायक निदेशक अशोक शर्मा, वरिष्ठ लेखा अधिकारी नीरज बुठानिया का घेराव कर समस्या समाधान कर एक समान निर्णय की मांग की गई। शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि आचार्य ने निदेशालय के वरिष्ठ लेखाधिकारी एवं लेखा से जुड़े कार्मिकों को बताया कि बीकानेर मंडल को छोड़कर बाकी अन्य सभी मंडलों ने एसीपी का लाभ नोशनल तिथि से दिया है। जबकि बीकानेर मंडल ने यह लाभ शिक्षकों को नहीं दिया गया। इन दोनों परिस्थितियों में एक स्थिति सही है तथा एक गलत है। जिसका निर्णय निदेशालय स्तर से होना है जो काफी समय से नहीं हो रहा है। जिससे शिक्षकों में इन दोहरे मापदंडों को लेकर आक्रोश है।

जिलाध्यक्ष मोहनलाल भादू ने बताया कि इसके लिए पूर्व में भी निदेशक एवं वित्तीय सलाहकार शिक्षा निदेशालय बीकानेर को ज्ञापन के माध्यम से अवगत करवाया गया था लेकिन कार्यवाही तक लंबित रहने से शिक्षक असमंजसता की स्थिति में है कि उन्हें लाभ मिलेगा या नहीं। अतिरिक्त जिलामंत्री मोहम्मद फैसल ने बताया कि वरिष्ठ लेखाधिकारी एवं लेखा कार्मिकों, सहायक निदेशक से 2 घंटे तक वार्ता चली जिसमें वरिष्ठ लेखा अधिकारी द्वारा एक-दो दिन में ही विभाग में एकरूपता की दृष्टि से सकारात्मक निर्णय लेने की बात कही।

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2025/3325 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 17.1.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सुखपाल सिंह भारी पुत्र श्री पूर्ण सिंह निवासी म.नं. 4, बालाजी एवेन्यू, वृद्धआश्रम रोड, चक 5 ई छोटी, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूखण्ड का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 19 किला नं. 17 में माप 33 इंटू 59 फीट भू.सं. 03, बालाजी ऐवेन्यू, श्रीगंगानगर | उक्त भूखंड का नियमन पट्टा सं. 22070 दिनांक 22.9.2023 को श्री सुखजिन्द्र सिंह भारी पुत्र श्री पूर्ण सिंह के नाम से जारी किया हुआ है। | श्री सुखपाल सिंह भारी द्वारा उक्त भूखंड को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 19.11.2024 के द्वारा क्रय कर उक्त भूखंड के नामान्तरण बाबत न्यास में ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्री सुखपाल सिंह भारी पुत्र श्री पूर्ण सिंह निवासी म.नं. 4, बालाजी एवेन्यू, वृद्धआश्रम रोड, चक 5 ई छोटी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन संख्या :- SGNR/FY24-25/MUT/1175

- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर